6. उपन्यास के तत्वों के आधार पर प्रेमचन्द के 'निर्मला' उपन्यास की समीक्षा कीजिए।

7. 'उसने कहा था' कहानी के प्रमुख पात्र 'लहनासिंह' के चरित्र की विशेषताओं का उद्घाटन कीजिए।

8. हिन्दी कहानी के विभिन्न आन्दोलन पर एक लेख लिखिए।

9. 'परमात्मा का कुत्ता' कहानी के प्रतिपाद्य और परिवेश (वातावरण) का चित्रण कीजिए।

HD–02

December – Examination 2021

B.A. (Part I) Examination

HINDI

हिन्दी गद्य भाग-II (कथा साहित्य)

Paper : HD-02

Time : 1½ Hours] [*Maximum Marks : 70*

निर्देश :- यह प्रश्न-पत्र 'अ' और 'ब' दो खण्डों में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड के निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

खण्ड—अ **4×3½=14**

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :- किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को प्रश्नानुसार एक वाक्य, एक शब्द या अधिकतम **30** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 3½ अंकों का है।

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

   (i) प्रेमचन्द युग के किन्हीं **दो** कहानीकारों के नाम लिखिए।

   (ii) ऐतिहासिक उपन्यास से आप क्या समझते हैं ?

(iii) कहानी और उपन्यास में अन्तर बताइए।

(iv) 'पूस की रात' कहानी में हलकू के चरित्र को किस रूप में प्रस्तुत किया गया है ?

(v) 'पुरस्कार' कहानी में मधुलिका ने पुरस्कार को अस्वीकार क्यों कर दिया था ?

(vi) 'चीफ की दावत' कहानी में शामनाथ के चरित्र की कौनसी विशेषता सामने आई ?

(vii) 'वापसी' कहानी के केन्द्रीय पात्र का नाम बताइए।

(viii) प्रेमचन्द के किन्हीं **दो** उपन्यासों का नाम लिखिए।

खण्ड—ब **4×14=56**

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :- किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को अधिकतम **200** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 14 अंकों का है।

2. निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

"..........माँ-बाप ने सलाह-सूत विचार कर मालवा जाने का मानस बनाया। सद्व्यवहार, शिष्टाचार या दिखावा जैसी फालतू बातों से माँ का दूर-दराज तक कोई सरोकार नहीं था। कसैली वाणी में

पति को अपने ओजर की बात बताई, 'इन जमदूतों को साथ लें तो मालवा में भी चैन नहीं मिलेगा।' इन्हें यही मार-मूरकर खिसक जाएँ तो ठीक रहेगा।"

3. निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

सरकार को अभी और वक्त चाहिए। दस-पाँच साल में सरकार फैसला करेगी कि अर्जी मंजूर होनी चाहिए या नहीं। सरकार वक्त ले रही है। काल, यमराज भी तो हमारा वक्त गिन रहा है। उधर वह हमारा वक्त पूरा करेगा और इधर तुम कहना कि तुम्हारी अर्जी पास हो गई।

4. निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

रेलवे क्वार्टर का वह कमरा जिसमें उन्होंने कितने वर्ष बिताए थे, उनका सामान हट जाने से कुरूप और नग्न लग रहा था। आँगन में रोपे पौधे भी जान-पहचान के लोग ले गए थे और जगह-जगह, मिट्टी बिखरी हुई थी। पर पत्नी, बाल-बच्चों के साथ रहने की कल्पना में यह बिछोह, एक दुर्बल लहर की तरह उठकर विलीन हो गया।

5. मन्नू भण्डारी ने 'महाभोज' उपन्यास में समाज की किन-किन विद्रूपताओं को उजागर किया है ? वर्णन कीजिए।